तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

पीएमश्री सेजेस स्कूल के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



खबर संक्षेप

झाराडीह रेलवे फाटक कल रात से 12 घंटे रहेगा बंद

रायगढ़। रेलवे फाटक से आवागमन करने वाले लोगों के लिए जरूरी खबर है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल ने झाराडीह रेलवे फाटक पर वार्षिक मरम्मत कार्य के चलते सड़क यातायात बंद रखने का निर्णय लिया है। इसके कारण वाहन चालकों को निर्धारित समय के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रेलवे प्रशासन के अनुसार खरसिया और झाराडीह रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित मानव सहित झाराडीह रेलवे फाटक को 29 अक्टूबर की रात 8 बजे से 30 अक्टूबर की सुबह 8 बजे तक सड़क यातायात के लिए पूरी तरह बंद रखा जाएगा। रेलवे फाटक पर मरम्मत कार्य के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है। इस दौरान वाहन चालक खरसिया फाटक का उपयोग कर अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

शालीमार-एलटीटी में बढ़ेंगे अतिरिक्त कोच

रायगढ़। रेल यात्रियों के लिए राहत की खबर है। त्योहारी सीजन और यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया गया है। इस व्यवस्था के तहत ट्रेन में एक अतिरिक्त एसी-3 और एक अतिरिक्त स्लीपर कोच अस्थायी रूप से जोड़ा जाएगा। इससे यात्रियों को कन्फर्म बर्थ मिलने की संभावना बढ़ेगी और अधिक यात्री इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। रेलवे प्रशासन के अनुसार, गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस और 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में अलग-अलग तिथियों पर अतिरिक्त कोच उपलब्ध कराए जाएंगे।रेलवे द्वारा जारी जानकारी के मुताबिक, गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में 28 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक एक अतिरिक्त एसी-3 कोच लगाया जाएगा। वहीं, वापसी दिशा में गाड़ी संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में 30 अक्टूबर से 3 नवंबर 2026 तक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसी तरह, गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में 2 नवंबर से 4 नवंबर 2026 तक एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जाएगा। जबकि गाड़ी संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में 4 नवंबर से 6 नवंबर 2026 तक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा मिलेगी। रेलवे प्रशासन का कहना है कि अतिरिक्त कोच लगाने का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना और अधिक से अधिक यात्रियों को कन्फर्म बर्थ मुहैया कराना है। इस अस्थायी व्यवस्था से निर्धारित अवधि के दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

मेला देखने जा रहे दो युवकों से मारपीट, अपराध दर्ज

रायगढ़। बायंग मेला देखने जा रहे दो युवकों के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामले में पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना प्रारंभ कर दी है। घटना खरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम जैमुरा तालाब के पास की बताई जा रही है। इस संबंध में मिली जनकारी के अनुसार ग्राम जैमुरा निवासी 23 वर्षीय सुमंत सोनी मेडिकल स्टोर में काम करता है। बीती रात करीब 11 बजे वह अपने साथी भरत लाल महिलांगे के साथ बायंग मेला देखने जा रहा था। इसी बीच रास्ते में दोनों जैमुरा तालाब के पास रुके, जहां उनकी मुलाकात गांव के विकास महंत, हर्षवर्धन निषाद और मुकेश साहू से हुई। बातचीत के दौरान तीनों युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए सुमंत सोनी के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की गई। बीच-बचाव करने पहुंचे भरत लाल महिलांगे को भी कथित तौर पर लात-घूंसे और पत्थर से मारा गया। मारपीट में भरत के बाएं कंधे और बाएं पैर में चोट लगने की बात शिकायत में कही गई है।

समिति प्रबंधक भेज रहे हैं तहसील, किसानों की बढ़ी परेशानी

रायगढ़ जिले के सैकड़ों किसानों का पोर्टल से रकबा हो गया गायब, ढूंढ रहे किसान

डीसीएस पूरा नहीं होने का दिया जा रहा हवाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस साल धान बिक्री करने वाले किसानों की परेशानी कम नही होगी। कारण पहले एग्रीस्टेक में परेशान हुए और अब पोर्टल में सैकड़ों किसान ऐसे हैं जिनका रकबा ही गायब हो गया है। याने शून्य नजर आ रहा है। इस तरह के हालात रायगढ़ और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में निर्मित होने का मामला सामने आया है। दिलचस्प बात यह है कि समितियों में सुधार नहीं हो रहा है बल्कि प्रबंधक किसानों को तहसील भेज दे रहे हैं। ऐसे में किसानों की परेशानी बढ़ गई है। हालांकि 30 अक्टूबर के बाद इस तरह की सभी समस्याएं खत्म होने की बात अधिकारियों द्वारा कही जा रही है।



एग्री स्टैक के लिए किसान हलाकान हो गए हैं। इसके बाद डीसीएस में परेशानी हुई और अब पोर्टल से सैकड़ों किसानों का रकबा ही गायब हो गया है। ऐसे में जिन किसानों का रकबा गायब हो गया है वे किसान काफी परेशान हैं। उनको धान बिक्री नहीं होने की चिंता सताने लगी है। किसान समितियों में जा रहे हैं, लेकिन वहां सुधार की कोई गुजाइश नहीं है। इसके कारण किसान परेशान हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि डीसीएस (डिजिटल क्राप सर्वे) पूरा नहीं होने की वजह से पोर्टल में रकबा शून्य नजर आ रहा है। पटवारियों के हड़ताल को एक वजह माना जा रहा है। हालांकि पोर्टल में ऐसे किसानों का रकबा भी गायब है जिनका डीसीएस पूरा हो गया है। जानकारी मिली है कि हर गांव में 15-20 किसानों का रकबा शून्य नजर आ रहा है।

किसानों के ग्रुप में शेयर कर रहे लिस्ट

समितियों में पोर्टल से लिस्ट निकाल कर गांव के किसानों के ग्रुपों में शेयर कर रहे हैं ताकि समय पर सुधार हो सके। जैसे ही किसानों की नजर लिस्ट पर पड़ रही है उनके होश फाख्ता हो जा रहा है। कारण यदि सुधार नहीं हुआ तो धान बिक्री के लिए वंचित हो सकते हैं। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि 30 अक्टूबर के बाद सारी समस्याएं खत्म हो जाएंगी। अब अधिकारी किस आधार पर कह रहे हैं यह तो अधिकारी ही जानें, लेकिन किसानों की परेशानी जरुर बढ़ गई है।

एग्रीस्टैक में अभी भी झोल

एग्री स्टैक तो किसानों के लिए मुसीबत का जड़ बन गया है। अभी डेढ़ लाख बकेट बढ़ गया है। यह कैसे और किसलिए बढ़ा किसी भी अधिकारी को पता नहीं है। न तो राजस्व विभाग के अधिकारी कुछ बता पा रहे हैं और न ही कृषि विभाग के अधिकारी। इन सबके बीच परेशान किसान ही हो रहा है। नियमों में शिथिलता भी परेशानी कम नहीं कर पा रही है।

यदि पोर्टल में ऐसी कोई समस्या है तो उसका समाधान किया जाएगा। किसी भी किसान को परेशान होने की जरुरत नहीं है, उनकी हर समस्या का समाधान तत्काल किया जाएगा। पोर्टल में कोई इशू होगी तो मैं चेक कराता हूं।

महेश शर्मा
एसडीएम

खरसिया में गाली-गलौज के बाद गैरेज में तोड़फोड़

रायगढ़। खरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम छोटे मुड़पार में स्थित एक गैरेज में तीन युवकों द्वारा गैरेज संचालक से गाली-गलौज और तोड़फोड़ करने, मोटरसाइकिल के पार्ट्स और कुर्सियां तोड़कर नुकसान पहुंचाने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए मामले की विवेचना शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, छोटे मुड़पार के सड़कपारा निवासी हेमंत सिदार 25 वर्ष रोजी-मजदूरी का काम करता है। बीती रात करीब 8 बजे महंतपारा निवासी सेवक दास महंत, संजय दास महंत और बबलू दास महंत उनके गैरेज के पास पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। इस विवाद के दौरान गैरेज के दरवाजे, घर के दो दरवाजों, प्लास्टिक की दो कुर्सियों और दो मोटरसाइकिलों के ब्रेक रॉड को तोड़कर नुकसान पहुंचाया गया। घटना में करीब 20 हजार रुपये की क्षति होने की बात शिकायतकर्ता ने कही है। मामले में खरसिया पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 324(4) और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

केलो डेम लूटकांडः पुलिस ने चौथे आरोपी को भी किया गिरफ्तार

रायगढ़। केलो डेम घूमने गए युवक और युवती के साथ मारपीट कर लूटपाट के मामले में फरार चल रहे चौथे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था।



पुलिस ने उसे उर्दना-रायगढ़ मार्ग स्थित एक गैरेज से पकड़ा। उसके कब्जे से युवती का लूटा गया मोबाइल, वारदात में इस्तेमाल एक मोटरसाइकिल और आरोपी का मोबाइल फोन जब्त किया गया है। इससे पहले पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गौरतलब है कि जोगीडीपा निवासी 22 वर्षीय सानू सारथी ने 12 अक्टूबर को कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 11 अक्टूबर की शाम वह अपनी महिला मित्र के साथ बुलेट मोटरसाइकिल से केलो डेम घूमने गया था। शाम करीब 7:30 बजे दोनों वापस लौट रहे थे, तभी तीन से चार युवक वहां पहुंचे। आरोपियों ने महिला मित्र के साथ घूमने को लेकर सवाल-जवाब शुरू किए और युवक के साथ मारपीट करने लगे। इसके बाद आरोपियों ने युवक की जेब से 1 हजार 500 रुपए नकद, आईफोन 12 मिनी और उसकी महिला मित्र का मोटोरोला मोबाइल लूट लिया। वारदात के बाद आरोपी बुलेट की चाबी भी फेंककर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली थाने में धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। इसके बाद पुलिस ने जांच और पतासाजी करते हुए पहले सोहेल अंसारी और रणवीर कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनकी संलिप्तता सामने आने के बाद तीसरे आरोपी रामकुमार मेहता को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने रामकुमार के कब्जे से लूटा गया आईफोन और वारदात में इस्तेमाल हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल जब्त की थी। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि युवती से लूटा गया मोबाइल फरार आरोपी मोहम्मद मोफिद आलम के पास है। चौथा आरोपी मोहम्मद मोफिद आलम 20 , राजीवनगर मिट्ठुमुड़ा क्षेत्र का निवासी है। वह उर्दना-रायगढ़ मार्ग स्थित एक गैरेज में पंचर बनाने का काम करता था। वारदात के बाद से वह दुकान और घर से गायब था, जिसके कारण पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। आरोपी के गैरेज में दिखाई देने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

जीपीएस ने खोला राशन दुकान चोर गिरोह का राज, 5 गिरफ्तार, 38.60 लाख की संपत्ति जब्त

अमीरों की तरह क्रेटा कार में चोरी करने पहुंचते थे सरकारी दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकारी राशन दुकानों से चावल और शक्कर की लगातार हो रही चोरी से परेशान पुलिस ने आखिरकार ऐसा तरीका अपनाया, जिसने पूरे गिरोह का पर्दाफाश कर दिया। चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस ने शक्कर की एक बोरी में जीपीएस ट्रैकर छिपा दिया। चोरों ने हमेशा की तरह उस बोरी को भी चोरी कर लिया, लेकिन उन्हें अंदाजा नहीं था कि यही बोरी उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा देगी। जीपीएस की लोकेशन का पीछा करते हुए रायगढ़ पुलिस की टीम पत्थलगांव पहुंची, जहां से चार कथित चोरों और चोरी का माल खरीदने वाले एक व्यक्ति समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। खास बात यह है कि चोर अमीरों की तरह क्रेटा कार में सवार होकर चोरी करने जाते थे। उसी वाहन में राशन की बोरी लाद कर फरार हो जाते थे।



पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 115 बोरी चावल और 2 बोरी शक्कर बरामद की है। इसके अलावा चोरी में इस्तेमाल की गई क्रेटा और इनोवा कार भी जब्त की गई हैं। जब्त संपत्ति की कुल अनुमानित कीमत 38.60 लाख रुपए बताई गई है। पुसौर थाना क्षेत्र में इस साल कई शासकीय उचित मूल्य दुकानों में चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। चोर रात के समय दुकानों को निशाना बनाते और चावल.शक्कर की बोरियां लेकर फरार हो जाते थे। लगातार हो रही वारदातों से परेशान राशन दुकान संचालकों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह और पुसौर थाना प्रभारी से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की थी। जांच में सामने आया कि चोर तेज रफ्तार वाहनों से गांवों में पहुंचते थे और वारदात के बाद तुरंत फरार हो जाते थे। चोरी का तरीका एक जैसा होने से पुलिस को किसी संगठित गिरोह के सक्रिय होने का संदेह हुआ। इसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस ने राशन दुकान संचालकों की बैठक लेकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की सलाह दी। सीसीटीवी कैमरे लगवाने में होने वाले खर्च को देखते हुए पुलिस ने जीपीएस ट्रैकर के इस्तेमाल का सुझाव दिया। इसी योजना के तहत एक शक्कर की बोरी में ट्रैकर छिपाकर रख दिया गया। पुलिस को उम्मीद थी कि शक्कर की बोरियां उठाने की आदत के कारण चोर इस बोरी को भी निशाना बनाएंगे। 25 और 26 अक्टूबर की दरमियानी रात ग्राम कोतमरा की शासकीय उचित मूल्य दुकान में चोरी हो गई। चोर चावल और शक्कर की बोरियों के साथ जीपीएस ट्रैकर लगी शक्कर की बोरी भी उठा ले गए। उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि पुलिस उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पहले से तैयारी कर चुकी है। चोरी की सूचना मिलने पर पुसौर थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने जीपीएस ट्रैकर की लोकेशन के आधार पर आरोपियों का पीछा शुरू किया। ट्रैकर के संकेत रायगढ़ से धरमजयगढ़ की ओर मिले और संयुक्त पुलिस टीम पत्थलगांव तक पहुंच गई। इस कार्रवाई में घरघोड़ा थाना प्रभारी और रैरूमाखुर्द चौकी प्रभारी उप निरीक्षक की टीम भी शामिल हुई। पुलिस को पत्थलगांव में राशन दुकान संचालक सेवाल कुजूर के पास ट्रैकर लगी शक्कर की बोरी मिली। पूछताछ के दौरान सेवाल कुजूर ने बताया कि मोहम्मद हफीजए समीर आलमए डमरूधर खूंटे और संतोष कुमार माहेश्वरी चोरी का माल बेचने के इरादे से उसके पास छोड़कर गए थे। इसके बाद पुलिस ने पत्थलगांव और आसपास के इलाकों में दबिश देकर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से एक क्रेटा और एक इनोवा कार बरामद की गई। पुलिस के अनुसारए दोनों वाहनों में चावल की बोरियां भरी हुई थीं। शुरुआती पूछताछ में पूर्व में चोरी किए गए राशन को भी सेवाल कुजूर को बेचने की जानकारी सामने आई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने पुसौर थाना क्षेत्र में हुई तीन चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता बताई है। मामले में चोरीए चोरी की संपत्ति खरीदने और संगठित अपराध से संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

3.60 लाख का राशन व गाड़ियां जब्त

पुलिस ने अब तक 115 बोरी चावल और 2 बोरी शक्कर बरामद की हैए जिनकी अनुमानित कीमत 3.60 लाख रुपए है। वहीं चोरी में इस्तेमाल की गई क्रेटा और इनोवा कार की कीमत लगभग 35 लाख रुपये आंकी गई है। इस तरह कुल 38.60 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में सेवाल कुजूर, समीर आलम, मोहम्मद हफीज, संतोष कुमार माहेश्वरी और डमरूधर खूंटे शामिल हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेने की प्रक्रिया की जा रही है।

पत्थलगांव से सीतापुर तक कनेक्शन की आशंका

पुलिस को आशंका है कि इस गिरोह के तार पत्थलगांव से सीतापुर तक सक्रिय अन्य समूहों से भी जुड़े हो सकते हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि राशन दुकानों से चोरी किया गया अनाज कहां.कहां खपाया गया और इस नेटवर्क में अन्य कौन लोग शामिल हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

ढाबे में खाने के पैसे को लेकर विवाद, सिर पर हमला

रायगढ़। खरसिया थाना क्षेत्र के बानीपाथर स्थित चाहत ढाबा में खाने के पैसे देने की बात को लेकर विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। एक युवक ने ढाबा संचालक और उसके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति पर गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खेलभाठा,गोधा निवासी 39 वर्षीय मदन मोहन सारथी मजदूरी का काम करता है। बीती रात करीब 10:30 बजे वह अपने पड़ोसी राज कुमार सारथी के साथ बानीपाथर स्थित चाहत ढाबा में खाना खाने गया था। खाना खाने के बाद भुगतान की बात को लेकर ढाबे में विवाद हो गया। इस दौरान चाहत साहू और उसके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति ने दोनों के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। चाहत साहू ने अपने हाथ में पहने चूड़े से मदन मोहन के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसके सिर में चोंट लगी है। वहीं, उनके साथी राज कुमार सारथी के साथ भी हाथ-मुक्कों से मारपीट किए जाने की बात कही गई है।

निजी स्कूलों के वाहनों की हुई जांच, नियमों का उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई

घौठला बड़े। सारंगढ़ क्षेत्र में 27 अक्टूबर को यातायात विभाग द्वारा विभिन्न निजी विद्यालयों के स्कूल बसों और वैन की जांच की गई। इस दौरान केपी हायर सेकेंडरी स्कूल बांधापाली, न्यू इंडिया पब्लिक स्कूल माधोपाली, भारत माता स्कूल सालर एवं अन्य निजी विद्यालयों के वाहनों की जांच की गई।



खबर का असर

हरिभूमि ने 27 अक्टूबर को इस तरह के नियमों का उल्लंघन होने के मामले को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और निजी स्कूली बसें और वैन की जांच की गई। जांच के दौरान कुछ स्कूल वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों को बैठाना तथा आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने का मामला सामने आया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही विद्यालय प्रबंधन एवं बस संचालकों को स्कूल वाहनों में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही बच्चों को बैठाने और निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन कराने की हिदायत दी गई। धारा 179(1) मोटरयान अधिनियम आदेशों की अवहेलना करने के 11 प्रकरणों में साढ़े 5 हजार की चालानी कार्रवाई की गई। यातायात विभाग ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होने की बात कही।

रामलीला मैदान से कलेक्टोरेट तक निकाली रैली, मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मांगा नियमितीकरण और पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगलवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर सैकड़ों की संख्या में जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं सड़क पर उतर आईं। रामलीला मैदान से शुरू हुई रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सरकार से लंबे समय से लंबित समस्याओं का जल्द निराकरण करने की मांग की।



प्रदर्शन कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्रों की शुरुआत के करीब 51 साल बाद भी उन्हें कई बुनियादी सुविधाओं और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े लाभों का इंतजार है। कई बार मांग करने के बाद भी सरकार इन मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। लगातार बढ़ती महंगाई के बीच मौजूदा मानदेय में परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में उन्होंने सरकार से अपनी मांगों पर गंभीरता से विचार करने की अपील की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने सबसे प्रमुख मांग नियमितीकरण की रखी है। उनका कहना है कि उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। जब तक नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक श्रम कानूनों के प्रावधानों के अनुरूप आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को हर महीने 30 हजार रुपए और सहायिकाओं को 25 हजार 500 रुपए का भुगतान दिए जाने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे लंबे समय से विभागीय जिम्मेदारियां निभा रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त आर्थिक सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने मानदेय में बढ़ोतरी को समय की जरूरत बताया।

पदोन्नति में वरिष्ठता को मिले प्राथमिकता

इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पर्यवेक्षक यानी सुपरवाइजर के पद पर और सहायिकाओं को कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नत करने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि पदोन्नति की प्रक्रिया वरिष्ठता के आधार पर होनी चाहिए और इसके लिए उम्र की सीमा निर्धारित नहीं की जानी चाहिए। उनका मानना है कि लंबे समय से सेवा दे रहे कर्मचारियों को पदोन्नति का उचित अवसर देने की मांग की गई।

मध्यप्रदेश की तर्ज पर हर साल बढ़े मानदेय

मानदेय में वार्षिक बढ़ोतरी भी उनकी प्रमुख मांगों में शामिल है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने मध्यप्रदेश की तर्ज पर हर साल मानदेय में 1 हजार रुपए की वृद्धि करने की मांग की। उनका कहना है कि विभागीय कार्यों के अलावा भी उनसे विभिन्न जिम्मेदारियां निभाने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन उनकी आर्थिक और सेवा संबंधी समस्याओं का अपेक्षित समाधान नहीं हो रहा है। इस प्रदर्शन के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अपनी लंबित मांगों को एक बार फिर सरकार के सामने रखा।

खबर संक्षेप

चांदनी गवेल का पीएचडी में हुआ चयन



खरसिया। खरसिया के औरदा गांव के वेदप्रकाश गवेल और पद्मिनी गवेल की बिटिया चांदनी गवेल के पीएचडी में शानदार प्रदर्शन की बदौलत इनका व इनके परिवार का नाम पूरे छेत्र में रौशन हुआ है। चांदनी का पीएचडी डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी राजनीति विज्ञान में चयन हुआ है। अटल बिहारी वाजपाई विश्वविद्यालय बिलासपुर में पहले ही प्रयास में परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से पास होकर अपना नाम सुनिश्चित किया। इनकी इस उपलब्धि पर गवेल परिवार सहित छेत्र के लोग इनको बधाई देकर इनके उज्जवल भविष्य की शुकामनाएं दे रहे है।

प्रयास विद्यालयों में 9वीं में प्रवेश के लिए चयन सूची जारी

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चतुर्थ काउंसलिंग के तहत प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेरिट क्रम में चयन सूची जारी कर दी गई है। चयन सूची विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई है। चयनित विद्यार्थियों को आवंटित प्रयास आवासीय विद्यालय में 30 अक्टूबर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय-सीमा में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के लिए विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित विद्यालय में उपस्थित होना होगा। प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को कक्षा 8वीं में प्रथम श्रेणी अर्थात 60 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होने की अंकसूची, पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी नक्सल पीड़ित प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, विशेष पिछड़ी जनजाति प्रमाण पत्र तथा जिला चिकित्सा अधिकारी की ओर से जारी सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा, प्रवेश की पात्रता होने पर दो दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी से काउंटर हस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र भी जमा करना होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि चयनित विद्यार्थियों को आवंटित प्रयास आवासीय विद्यालय में ही प्रवेश लेना होगा। प्रवेश के बाद संस्था परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतः चयनित विद्यार्थी निर्धारित तिथि के भीतर सभी अनिवार्य दस्तावेजों के साथ प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

हार-जीत से किसी की काबिलियत कम नहीं होती खेल में भाग लेना भी बड़ी उपलब्धि : मंजूषा



अम्बिकापुर। सरगुजा में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का सोमवार समापन किया गया। राज्य सत्रीय प्रतियोगिता में ओवरऑल चैम्पियन का खिताब रायपुर ने हासिल किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत शामिल हुई और विभिन्न विधाओं के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि जीवन में हार-जीत लगी रहती है। खेल प्रतियोगिता में शामिल होकर खेलना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। आप सभी अपनी प्रतिभा और काबिलियत के दम पर यहां तक पहुंचे हैं। हार और जीत का अंतर किसी की काबिलियत को कम नहीं करता। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने और निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने आसपास की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की अपील की। इस इसके अलावा महापौर ने सभी छात्र छात्राओं को खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। बता दें कि प्रतियोगिता के अंतिम परिणामों के अनुसार बैडमिंटन 17 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग प्रथम, रायपुर द्वितीय और बिलासपुर तृतीय स्थान पर रहा।

पारंपरिक वेशभूषा में सजे ग्रामीणों ने की प्रकृति की पूजा-अर्चना

बघिमा में करमा पर्व की रौनक, थिरके ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्राम पंचायत बघिमा में सोमवार को पारंपरिक करमा पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर गांव में उत्सवी माहौल रहा।

ग्रामीणों ने अपनी समृद्ध आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का निर्वहन करते हुए पारंपरिक वेशभूषा में सामूहिक रूप से नाच-गान किया। पारंपरिक गीतों की धुन पर ग्रामीण देर तक झूमते नजर आए। पूरे आयोजन में लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। करमा पर्व के अवसर पर गांव के महिला, पुरुष और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। पारंपरिक परिधानों में सजे ग्रामीणों की उपस्थिति ने आयोजन को खास बना दिया। गीत-संगीत और नृत्य के माध्यम से लोगों ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखा। पर्व के दौरान ग्रामीणों में आपसी मेल-मिलाप और उत्साह का माहौल दिखाई दिया। आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण इस पारंपरिक आयोजन में शामिल हुए।

प्रकृति की पूजा कर मांगी गई सुख-समृद्धि

करमा पर्व आदिवासी समाज की आस्था, प्रकृति के प्रति सम्मान और सामूहिक जीवन का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व के माध्यम से लोग प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और परिवार तथा समाज की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। ग्राम बघिमा में भी ग्रामीणों ने परंपरानुसार प्रकृति की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में खुशहाली की कामना की।

पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा का किया निर्वहन

करमा पर्व केवल नाच-गान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं को सहेजने का अवसर भी है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति, पारंपरिक गीतों और नृत्य की जानकारी मिलती है। ग्राम बघिमा में आयोजित इस पर्व ने भी ग्रामीणों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का अवसर दिया। ग्रामीणों ने मिलकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व मनाया। हर साल की तरह इस वर्ष भी करमा पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा। आयोजन के माध्यम से गांव में सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश देखने को मिला।

लोन दिलाने के नाम पर 1.93 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र में लोन दिलाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से लगभग पौने दो लाख रुपये से अधिक की ठगी करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने भिलाई से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था और घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है, जबकि मामले में शामिल अन्य दो फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

■ फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी दिया वारदात को अंजाम

क्या है पूरा मामला

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 अगस्त 2026 को प्रार्थी गजानंद चौहान 36 वर्ष, निवासी शांतिनगर, तिलडेगा थाना पत्थलगांव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2025 में उसे पैसों की आवश्यकता थी। इसी दौरान भिलाई निवासी चंद्रमणि देवदास ने उसे फोन किया और खुद को 'सोमी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड' का कर्मचारी बताया। आरोपी ने कहा कि उसके पास प्रार्थी के लोन की फाइल आई है और यदि उसे 10 लाख रुपये का लोन चाहिए, तो कंपनी में सुरक्षा निधि सिक्योरिटी मनी के रूप में राशि जमा करनी होगी। आरोपी चंद्रमणि ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी को अपने जाल में फंसाया और सुरक्षा निधि के नाम पर कुल 1 लाख 93 हजार रुपए ऑनलाइन व अन्य माध्यमों से ऐंठने के बाद फरार हो गए। प्रार्थी की शिकायत पर थाना पत्थलगांव में धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी।

बैंक खातों की तकनीकी जांच से हुआ खुलासा

विवेचना के दौरान पुलिस ने प्रार्थी के बैंक खातों की जानकारी खंगाली और तकनीकी साक्ष्य जुटाए। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि मुख्य आरोपी चंद्रमणि देवदास भिलाई में छिपा हुआ है। तत्काल कार्रवाई करते हुए पत्थलगांव पुलिस की एक टीम को भिलाई रवाना किया गया, जहां से आरोपी चंद्रमणि देवदास 33 वर्ष, निवासी भिलाई-3 को हिरासत में लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि उसने और उसके साथियों ने अन्य लोगों के बैंक खातों का उपयोग कर ठगी की इस रकम को निकाला था और अपने निजी तथा घरेलू खर्चों में उपयोग कर लिया।

जेल भेजा गया आरोपी, अन्य की तलाश जारी

पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पत्थलगांव पुलिस ने दिनांक 26 अक्टूबर को आरोपी चंद्रमणि देवदास को विधिवत गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस ठगी में शामिल अन्य दो फरार आरोपियों की भी पहचान कर ली गई है, जिनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है और उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। संपूर्ण कार्रवाई और आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक जितेंद्र कुमार तामकार, प्रधान आरक्षक चंद्रविजय पैंकरा और आरक्षक देव सिंह की महत्वपूर्ण और सराहनीय भूमिका रही है।

जिले में भारी वर्षा का अलर्ट, प्रशासन ने की सुरक्षा की अपील

जशपुरनगर। भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान 'अर्नब' तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ में 27 अक्टूबर से वर्षा की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया है कि 28 और 29 अक्टूबर को प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है।

संभावित खराब मौसम को देखते हुए किसानों से अपील की जाती है कि अपनी फरातों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें। खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था रखें तथा कटी हुई फसल एवं कृषि उपज को सुरक्षित स्थान पर रखें। जिला प्रशासन की ओर से नागरिकों से अपील की जाती है कि इस दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें और अनावश्यक यात्रा से बचें, तेज हवा के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों और कच्चे मकानों से दूर रहें, नदी-नालों, जलाशयों और बाढ़ संभावित क्षेत्रों के पास न जाएं और मौसम संबंधी जानकारी के लिए रेडियो, टीवी और मोबाइल पर लगातार अपडेट देखते रहें। जिला प्रशासन की ओर से स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। आपातकालीन स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष 07763-223732 में संपर्क करें।

चक्रवाती सिस्टम 'अरनब' को लेकर डीईओ ने स्कूलों में विशेष सावधानी के निर्देश

मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती सिस्टम 'अरनब' के प्रभाव से आगामी 3 दिनों तक मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

इस संबंध में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी किया गया है, जिसके अनुसार चक्रवात के प्रभाव से 28 अक्टूबर को जशपुर जिले के कई हिस्सों में बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी तथा कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है। वहीं 29 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के अधिकांश जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, साथ ही गरज-चमक के साथ तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इस दौरान न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आ सकती है, जिससे सुबह व रात में ठंड बढ़ने की संभावना है। जिला शिक्षा अधिकारी ने समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, समस्त प्राचार्य एवं प्रधान पाठक शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूलों को निर्देशित किया है कि, इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों का विशेष ध्यान रखेंगे तथा उनका सुरक्षा मानकों का पालन करेंगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी विद्यार्थी इस दौरान पेड़ के नीचे न रहे, जर्जर भवन में न रहे, ट्रांसफार्मर से दूरी बनाए रखें, बारिश में कोई न भीगे इसका भी ध्यान रखेंगे। साथ ही किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने बीआरसी, विकासखंड स्तरीय अधिकारियों और जिला अधिकारियों को तत्काल सूचित करेंगे।

वेतन विसंगतिः पीवी ऐप के खिलाफ पटवारियों का हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वेतन विसंगति दूर करने और पीवी ऐप के जरिए भौतिक सत्यापन के लिए निर्धारित समय सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर जिले के पटवारी पिछले 16 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले आंदोलन कर रहे पटवारियों ने समान कार्य के लिए समान वेतन देने की मांग उठाई है। पटवारियों का कहना है कि मांगों का स्थायी समाधान होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इधर, हड़ताल के कारण राजस्व संबंधी कामकाज प्रभावित होने से आम लोगों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पटवारी संघ के अनुसार, पीवी ऐप के माध्यम से जमीन, नक्शे और खसरे का भौतिक सत्यापन महज तीन दिनों में पूरा करने का दबाव बनाया जा रहा है। संघ ने इस संबंध में पहले भी शासन-प्रशासन को पत्र लिखकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराई थीं। इसके बावजूद निर्धारित समय सीमा में काम पूरा करने का दबाव बनाए जाने से पटवारियों में नाराजगी है। पटवारियों का कहना है कि बड़े पैमाने पर भौतिक सत्यापन का काम तीन दिनों में पूरा करना व्यावहारिक नहीं है। जल्दबाजी में त्रुटियां होने की आशंका भी बनी रहती है। इसलिए फसल गिरदावरी की तरह सत्यापन कार्य के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। संघ ने स्पष्ट किया है कि उचित समय सीमा निर्धारित होने तक पीवी ऐप के माध्यम से सत्यापन कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा।

ग्रेड पे बढ़ा, लेकिन वेतन निर्धारण में विसंगति- संघ के प्रतिनिधि निशिकांत के मुताबिक, 1 अप्रैल 2017 से पटवारियों का ग्रेड पे 2 हजार 200 रुपए से बढ़ाकर 2 हजार 400 रुपए किया गया था। इसके बावजूद वेतन निर्धारण में कथित विसंगतियों के कारण समान समय और समान योग्यता के आधार पर नियुक्त पटवारियों के वेतन में अंतर बना हुआ है। अलग-अलग तहसीलों में पदस्थ समान संवर्ग के कर्मचारियों को अलग-अलग वेतन मिलने से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। पटवारियों का दावा है कि वेतन निर्धारण में गड़बड़ी के कारण उनके मूल वेतन के साथ महंगाई भत्ते और वार्षिक वेतन वृद्धि पर भी असर पड़ रहा है। इसके अलावा पुनरीक्षित वेतन के आधार पर मिलने वाला एरियर लंबित है। संघ ने 10 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को नियमानुसार समयमान वेतनमान का लाभ देने की मांग भी उठाई है। संघ का कहना है कि वेतन संबंधी विसंगतियों के कारण सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन और ग्रेच्युटी की गणना भी प्रभावित हो रही है।

वेतन निर्धारण से लेकर पीवी ऐप तक, ये हैं प्रमुख मांगें

पटवारी संघ ने 1 अप्रैल 2017 से नियमानुसार संशोधित वेतन निर्धारण करने, वेतन संबंधी तकनीकी विसंगतियों की जांच करने, समयमान वेतनमान का लाभ देने और बकाया एरियर का भुगतान करने की मांग की है। इसके साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित पेंशन एवं ग्रेच्युटी प्रकरणों का निराकरण करने, पीवी ऐप के सत्यापन कार्य के लिए पर्याप्त समय देने और सभी मांगों के समयबद्ध निराकरण के लिए स्पष्ट प्रशासनिक आदेश जारी करने की मांग की गई है।

16 दिन बाद भी समाधान नहीं, पटवारियों में नाराजगी

आंदोलनकारी पटवारियों ने आरोप लगाया कि 16 दिनों से हड़ताल जारी रहने और ज्ञापन सौंपने के बावजूद अब तक कोई वरिष्ठ अधिकारी या जनप्रतिनिधि उनकी समस्याएं सुनने नहीं पहुंचा है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ रही है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं, 43 आवेदन प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनी। उन्होंने नागरिकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त प्रकरणों का नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिला। कलेक्टर श्री व्यास ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को प्राथमिकता के साथ लेते हुए उस पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिन प्रकरणों में विभागीय जांच, स्थल निरीक्षण अथवा अन्य आवश्यक प्रक्रिया की जरूरत है, उनमें नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आवेदकों को राहत दिलाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए तथा प्रत्येक प्रकरण की प्रगति पर संबंधित अधिकारी नियमित रूप से निगरानी रखें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ किया जाना आवश्यक है। आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी भी समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें प्रकरण की वर्तमान स्थिति से अवगत होने के साथ ही प्रशासनिक कार्यवाही के संबंध में स्पष्ट जानकारी मिल सके। कलेक्टर ने विशेष रूप से ऐसे मामलों पर ध्यान देने के निर्देश दिए, जिनमें आम नागरिकों को लंबे समय से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जनदर्शन के दौरान कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें राजस्व संबंधी प्रकरणों, साफ-सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं, सड़क एवं अन्य अधोसंरचना निर्माण, आजीविका से जुड़े विषयों तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने सहित अन्य समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन शामिल रहे। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवेदनों की प्रकृति के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने, पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने तथा प्रत्येक प्रकरण का नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन की ओर से जनदर्शन के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं के समाधान, प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता तथा आम जनता और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

■ समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने अधिकारियों को दिए निर्देश

मासूम बच्ची से छेड़छाड़ और धमकी के मामले में आरोपी को 5 साल की सजा

रायगढ़। घर में अकेली बच्ची के साथ गलत हरकत करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को पांच साल के कारावास की सजा सुनाई है। मामले में पीड़िता की मां की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां सुनवाई के बाद उसे दोषी ठहराया गया। प्रकरण के संबंध में लोक अभियोजक गोविंद नारायण दुबे ने बताया कि पीड़िता की मां ने महिला थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसारए घटना के दिन बच्ची घर में अकेली थीए क्योंकि उसकी मां काम पर गई हुई थी। मां सुबह करीब 6 बजे काम के लिए निकली थी और लगभग 11:30 बजे वापस लौटी। घर लौटने पर मां को पता चला कि बच्ची पड़ोस में रहने वाली अपनी बहन के घर गई हुई है। पूछने पर बच्ची ने बताया कि सुबह करीब 10:30 बजे पड़ोस में रहने वाला 45 वर्षीय युवक घर के आंगन में घुस आया था। आरोपी बच्ची को गलत इरादे से अपने साथ बिस्तर पर सोने के लिए कहने लगा और उसका हाथ खींचते हुए घर के हॉल तक ले गया। बच्ची ने जब अपनी मां को इसकी जानकारी देने की बात कहीए तो आरोपी ने उसे धमकाया। इसके बाद बच्ची किसी तरह अपना हाथ छुड़ाकर पड़ोस में रहने वाली अपनी बहन के घर भाग गई। पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर महिला थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 75,2, 351,2 और 333 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।



सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं की हड़ताल, निकाली रैली

जशपुरनगर। संयुक्त मंच के प्रांतीय आह्वान पर सोमवार को प्रदेशभर के साथ-साथ जशपुर जिले में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने एक दिवसीय हड़ताल, धरना-प्रदर्शन, एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया।

छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ पंजीयन क्रमांक 409 के बैनर तले जिले भर की सैकड़ों कार्यकर्ता-सहायिकाएं सुबह रणजीता स्टेडियम चौक के पास एकत्रित हुईं। यहां धरना-प्रदर्शन करते हुए सरकार से मांगों को पूरा करने के लिए आवाज उठाई गई। इसके बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर कलेक्टर जशपुर को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के नाम संबोधित था। ज्ञापन में संयुक्त मंच की 5 सूत्रीय मांगों का उल्लेख करते हुए



शासन से गंभीरता से विचार कर शीघ्र सकारात्मक एवं समयबद्ध निर्णय लेने की मांग की गई। संघ ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं वर्षों से महिला एवं बाल विकास विभाग की समस्त योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में उनका अहम योगदान है, लेकिन उनके मानदेय, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विषय आज भी समाधान की प्रतीक्षा में हैं।

पिकअप की टक्कर से एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

अम्बिकापुर। बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम पसिया कुम्हारपारा निवासी नवरंग राम प्रजापति आ. दिनेश राम प्रजापति (22 वर्ष) रविवार को गांव के ही सहदेव पैकरा, नन्हेश्वर के साथ धान ढोने ग्राम विमड़ा गए थे। धान ढोने के पश्चात शाम को तीनो बाइक से घर आने लगे और जैसे ही बगीचा मुख्य मार्ग घोघरामुड़ा पतरापारा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे नवरंग व नन्हेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि सहदेव को मामूली चोटें आई। सहदेव ने तत्काल घटना की सूचना नवरंग के परिजन को दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तो देख दोनों गंभीर हालत में सड़क पर पड़े हुए है। परिजन घायलों को संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने नवरंग को मृत घोषित कर दिया जबकि नन्हेश्वर की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रायपुर रेफर कर दिया।

मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में ग्रामीण सड़कों का हो रहा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के फरसाबहार तहसील क्षेत्र के फरदबहार से झारमुंडा मार्ग का निर्माण कार्य पूरा हो गया है।

लगभग 2 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से 2.10 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया गया है। इस सड़क के बनकर तैयार होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। बेहतर सड़क संपर्क से ग्रामीणों को दैनिक आवागमन के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आने-जाने में सहूलियत होगी। साथ ही क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। जशपुर जिले में ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं सुधार कार्यों को गति दी जा रही है।

सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला होती हैं। बेहतर सड़क संपर्क से गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने, ग्रामीणों की आवाजाही आसान बनाने और स्थानीय विकास को गति देने में मदद मिलती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सड़क अधोसंरचना के विस्तार पर जोर दिए जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य हो रहे हैं। फरदबहार से झारमुंडा मार्ग का निर्माण पूरा होना भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीणों ने क्षेत्र की मांग पूरी होने पर मुख्यमंत्री साय का आभार व्यक्त किया है।



कबीर का बेटा बना डायरेक्टर 23 साल की उम्र में किया डेब्यू

मुंबई। बजरंगी भाईजान और ट्यूबलाइट जैसी फिल्में बनाने वाले डायरेक्टर कबीर खान के बेटे विवान खान ने 23 साल की उम्र में अपना डेब्यू कर लिया है। पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए उन्होंने निर्देशन में ही अपने कॅरियर की शुरुआत की है। उन्होंने इंस्टाग्राम सीरीज के माध्यम से अपना सफर शुरू किया है जिसका नाम प्रोजेक्ट प्लस 91 है। इसके जरिए उन्होंने देश की विभिन्न संस्कृति और सभ्यताओं को अपने कैमरे में कैद किया है। इस सीरीज के जरिए उन्होंने देश के अलग-अलग कोने में भ्रमण किया है और वहां की संस्कृति को अपने कैमरे में कैद किया है। उनकी या पेज और तस्वीरें चर्चा में आई हैं जो भारत देश के वर्सेटाइल कल्चर की एक अद्भुत झलक हैं।

लाइफ Style

नयनतारा

'जेलर 2' की जबरदस्त सफलता के बीच रजनीकांत के फैंस को एक और सरप्राइज मिला है। अब रजनीकांत, कमल हासन द्वारा निर्मित फिल्म 'धर्मन' में नजर आएंगे और फिल्म में उनके साथ नयनतारा

धर्मन में रजनीकांत के साथ आएंगी नजर

मुंबई। मेकर्स ने एक नए पोस्टर के साथ उनके शामिल होने की घोषणा की। साउथ सिनेमा की लेडी सुपरस्टार नयनतारा, रजनीकांत की अपकमिंग फिल्म 'धर्मन' की कास्ट में शामिल हो गई हैं। इस फिल्म के जरिए पांच साल बाद नयनतारा सुपरस्टार रजनीकांत के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। इससे पहले रजनीकांत के साथ लेडी सुपरस्टार 2021 की फिल्म 'अन्नाथे' में साथ दिखाई दी थीं और अब एक बार फिर दोनों साथ नजर आने वाले हैं और इस खबर ने इन दोनों सुपरस्टार्स के फैंस को खुश कर दिया है। अश्वथ मारिमुथु द्वारा लिखित और निर्देशित, यह तमिल मेडिकल ड्रामा का ऐलान 'थलाइवर 173' के नाम से किया गया था, इसे कमल हासन प्रोड्यूस किया जा रहा है। निर्माताओं ने रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर करके नयनतारा को कास्ट किए जाने की घोषणा की। मेकर्स ने हाल ही में 'धर्मन' की कास्टिंग से जुड़ी जानकारी साझा की। 'राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल' ने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्टर जारी किया, जिसमें रजनीकांत और नयनतारा की परछाइयां दिखाई दे रही हैं। दोनों एक-दूसरे की तरफ देखते हुए एक बड़ी कांच की खिड़की के सामने खड़े नजर आ रहे हैं। खिड़की से आती सुनहरी धूप एक शानदार 'बैकलिट' इफेक्ट पैदा कर रही है, जिससे दोनों कलाकारों की छाया दिखाई देती है।



हॉलीवुड मसाला



70 साल के बुज़ुर्ग के रूप में आए नजर

लॉस एंजिल्स। 'द रॉक' के नाम से मशहूर हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन अपने दमदार शरीर और एक्शन अवतार के लिए सुर्खियों में बने रहता हैं। लेकिन, इस बार उनका ऐसा लुक सामने आया है, जिसे देखकर फैंस के लिए उन्हें पहचानना मुश्किल हो गया। अपनी अपकमिंग फैंटेसी एडवेंचर फिल्म 'लिजर्ड म्यूजिक' में ड्वेन 70 साल के एक बूढ़े व्यक्ति के किरदार में नजर आएंगे। जबकि उनकी असली उम्र 54 साल है।



बग्स बनी और डैफी डक को दी अपनी आवाज

लॉस एंजिल्स। मशहूर वॉयस आर्टिस्ट एरिक बाउजा का 46 साल की उम्र में अचानक निधन हो गया है। वह लोकप्रिय कार्टून किरदार बग्स बनी और डैफी डक को अपनी आवाज देने के लिए जाने जाते थे। एरिक बाउजा के परिवार ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर उनके निधन की पुष्टि की। बयान में बताया गया कि एरिक एमी अवॉर्ड जीतने वाले वॉयस आर्टिस्ट थे। उन्होंने लूनी ट्यून्स के कई मशहूर किरदारों को अपनी आवाज दी थी। उनके अचानक चले जाने से उनके चाहने वालों को बड़ा झटका लगा है। एरिक को हाल ही में फिल्म कोयोट वर्सेज एक्मे में भी सुना गया था। उन्होंने अपने करियर में कई ऐसे कार्टून किरदारों को आवाज दी, जिन्हें दुनियाभर के दर्शक पसंद करते हैं। एरिक बाउजा का नाम लूनी ट्यून्स के साथ खास तौर पर जुड़ा रहा।



'बैचलर पार्टी डीयू' में पॉली के रोल में दिखेंगी ज्योतिर्मयी

नई दिल्ली। मलयालम सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर अमल नीरद की नई फिल्म 'बैचलर पार्टी डीयू' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। अब मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी एक और बड़ी अपडेट शेयर कर दी है। फिल्म में एक्ट्रेस ज्योतिर्मयी के कैरेक्टर नेम का खुलासा हो गया है। वह इस फिल्म में 'पॉली' के किरदार में नजर आने वाली हैं। डायरेक्टर अमल नीरद ने सोशल मीडिया पर उनका पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'ज्योतिर्मयी इज पॉली'। यह फिल्म साल 2012 में आई सुपरहिट फिल्म 'बैचलर पार्टी'का सीक्वल है। फिल्म में एक से बढ़कर एक कलाकारों की पूरी फौज नजर आने वाली है।प्रेमलु फिल्म से फेमस हुए एक्टर नसलेन इस मूवी में लीड रोल में हैं। मेकर्स ने ज्योतिर्मयी के अलावा कई और स्टार्स के कैरेक्टर नेम भी रिवील कर दिए हैं। नादिया मोइदू फिल्म में अन्ना मैथ्यूज का रोल प्ले कर रही हैं, जबकि रजीशा विजयन सिंपल के किरदार में दिखेंगी।



अनुष्का-विराट कान्हा की भक्ति में हुए लीन, भजन पर झूमे

मुंबई। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने हाल ही में मुंबई में आयोजित कृष्णा दास के कीर्तन में शामिल हुए। कपल साथ-साथ भक्ति गीतों पर डूबे नजर आए। कृष्णा दास कीर्तन से कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें उन्हें कान्हा की भक्ति में डूबे देखा जा सकता है। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली कोहली बॉलीवुड और क्रिकेट इंडस्ट्री के पावर कपल्स में से एक हैं। हाल ही में ये दोनों मुंबई में अमेरिकी संगीतकार और गायक कृष्णा दास के लाइव कीर्तन में भक्ति संगीत का आनंद लेते देखे गए। इस कार्यक्रम से विराट-अनुष्का की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जिनमें दोनों को कान्हा की भक्ति में लीन देखा जा सकता है। सोशल मीडियापर शेयर किए गए वीडियो में, अनुष्का और विराट को एक साथ भक्ति संगीत का आनंद लेते हुए देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में अनुष्का और विराट एक-दूसरे के बगल में बैठे हुए संगीत की धुन पर झूमते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



साई ने 'सीता मां' के सवाल पर दिया दिल खुश करने वाला जवाब

नई दिल्ली। रामायण की स्टार कास्ट रणबीर कपूर, साई पल्लवी और रवि दुबे हाल में अमिताभ बच्चन के शो 'कौन बनेगा करोड़पति के सेट पर पहुंचे थे। यहां साई पल्लवी ने एक सवाल का ऐसा जवाब दिया जिसे सुनकर अमिताभ भी प्रभावित हो गए। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'रामायण' अगले हफ्ते थिएटर में दस्तक देने वाली है। फिल्म रिलीज से पहले स्टार कास्ट इसके प्रमोशन में बिजी हैं। अमिताभ बच्चन ने शो पर पहुंचे रणबीर, साई और रवि से सवाल करते हुए पूछा कि जब निर्माता-निर्देशक ने उन्हें फिल्म में उनके किरदारों के बारे में बताया तो उनके दिमाग में क्या चल रहा था और कैसे तैयारी की। इसके बाद अमिताभ ने मुस्कुराते हुए कहा 'लेडीज फर्स्ट'। साई पल्लवी ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जब उन्हें पता चला कि वो सीता मां का किरदार निभाने वाली हैं तो उन्होंने कुछ नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि वो हमेशा कोई भी किरदार निभाने से पहले ये सोचती हैं कि वो इस किरदार में अपना क्या जोड़ सकती हैं।

बिना नाम लिए काशवी ने मांगी माफी

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' में स्काउट ओपी उर्फ तन्मय और लव गिल के बीच अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिली। वैसे तो स्काउट ने शो में कहा कि वे लव को अपनी बहन मानते हैं। मगर, कुछ एपिसोड में दोनों के बीच ऐसी चीजें देखने को मिली, जिसके बाद उनके रिश्ते पर सवाल उठने लगे। स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी भी इससे असहज और आहत हुईं और बीते दिन शो में आकर उन्होंने स्काउट और लव दोनों की क्लास लगा दी। इसके बाद काशवी ने सफाई दी है। उन्होंने अपनी कही बातों पर खेद जताया है। काशवी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। काशवी ने लिखा है, 'मेरा इरादा स्काउट से बात करना था। उसकी गलतियों को बताना था, जो मुझे लगा कि उसने की हैं। उसके कामों के लिए उसे जिम्मेदार ठहराना था।



बेपरवाह का फर्स्ट लुक आउट शरवरी संग इश्क लड़ाएंगे अहान

मुंबई। अहान पांडे ने मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा'से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म को दर्शकों का इतना प्यार मिला का फिल्म ब्लॉकबस्टर बन गई। तभी से फैंस अहान को फिर से स्क्रीन पर देखने के लिए बेताब थे। अब फैंस का इंतजार खत्म होने वाला है। अहान जल्द ही यश राज की फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वो शरवरी वाघ के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। मेकर्स ने फिल्म का टाइटर और पहला पोस्टर भी जारी कर दिया है। फिल्म का नाम 'बेपरवाह'है, जिसका निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं, जबकि आदित्य चोपड़ा इसके निर्माता हैं। ये एक रोमांटिक एक्शन-ड्रामा फिल्म है। । फिल्म 26 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के पहले पोस्टर से इसकी कहानी में रोमांस और एक्शन का मेल देखने को मिल रहा है। पोस्टर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है। पोस्टर में अहान के हाथ में बंदूक है, जबकि शरवरी गिटार पकड़े नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरे पोस्टर में नहीं दिखाए गए हैं। इससे मेकर्स ने फिलहाल उनके लुक को छिपाकर रखा है। पोस्टर के साथ डायलॉग भी सुनाई दे रहा है, जिसमें अहान की आवाज में सुनाई दे रहा है- 'बेपरवाह है इश्क, क्या करूं? बेपरवाह, बेइंतहा करूं, कोई भी आए तो सब तबाह, तबाह, तबाह कर दूं!' बेपरवाह में अहान और शरवरी पहली बार साथ काम कर रहे हैं। बता दें कि यशराज फिल्म्स के साथ ये अहान की दूसरी फिल्म है। इससे पहले यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा से अपना एक्टिंग डेब्यू कर चुके हैं, जिसे मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया था। इस पोस्टर पर अहान पांडे की रुमर्ड गर्लफ्रेंड और सैयारा एक्ट्रेस अनीत पड्डा का रिएक्शन भी आया। एक्ट्रेस ने कमेंट कर लिखा- बेस्ट ऑफ बेस्ट! बहुत ज्यादा एक्साइटेड हूं! इस फिल्म के जरिए अली अब्बास जफर भी यशराज फिल्म्स के साथ वापसी कर रहे हैं। इससे पहले वह इस बैनर के साथ सुल्तान और टाइगर जिंदा है जैसी हिट फिल्मों में काम कर चुके हैं। वैसे तो फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की कास्ट में बेबी देओल भी शामिल हो गए हैं।



रामायण के चलते नागार्जुन ने टाली 'इटलु अर्जुन' की रिलीज

नई दिल्ली। डायरेक्टर महेश उप्पला की अपकमिंग रोमांटिक एंटरटेनर फिल्म 'इटलु अर्जुन'की रिलीज डेट टल गई है।फिल्म में अनीश और अनस्वरा राजन लीड रोल में नजर आएंगे। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि फिल्म अब 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। हालांकि, नई रिलीज डेट का ऐलान जल्द किया जाएगा। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे प्रोडक्शन हाउस व्हाट नेक्स्ट एंटरटेनमेंट्स ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर रिलीज टलने की जानकारी दी। मेकर्स ने लिखा, 'हमें यह बताते हुए अफसोस हो रहा है कि 'इटलु अर्जुन' तय योजना के मुताबिक 30 अक्टूबर को रिलीज नहीं होगी। बता दें देशभर में 5 नवंबर को रामायण भी रिलीज हो रही है। ऐसे में एक कारण रणबीर कपूर की फिल्म भी हो सकती है, जिसका देश ही नहीं विदेशों में भी खूब बोल-बोला देखने को मिल रहा है। नई रिलीज डेट का ऐलान बहुत जल्द किया जाएगा। तब तक हम इस युवा टीम के लिए आपके प्यार और सपोर्ट की उम्मीद करते हैं। मरोसा रखिए, अर्जुन का प्यार सिनेमाघरों में धोगुने धमाके के साथ सुनाई देगा। मेकर्स ने अपनी पोस्ट में आगे बताया कि फिल्म को तेलुगु स्टार नागार्जुन प्रस्तुत कर रहे हैं, जबकि इसका म्यूजिक एस. थमन ने तैयार किया है। हालांकि, रिलीज टलने की वजह का खुलासा नहीं किया गया है।'इटलु अर्जुन'को मशहूर डायरेक्टर वेंकी कुदुमुला अपने प्रोडक्शन हाउस व्हाट नेक्स्ट एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं, तेलुगु सिनेमा के स्टार नागार्जुन इस फिल्म को प्रस्तुत कर रहे हैं. फिल्म के जरिए महेश उप्पला बतौर डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं, जबकि अनीश हीरो के तौर पर अपनी पहली फिल्म से दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म में अनस्वरा राजन फीमेल लीड रोल में हैं।



सस्पेंस से लेकर कॉमेडी और एक्शन तक पिटेगा 'ढिंढोरा'

इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। नई फिल्में और सीरीज दस्तक देंगी। इस हफ्ते दर्शकों को पारिवारिक मनोरंजन देखने को मिलेगा। इसके अलावा कॉमेडी का डोज मिलेगा। साथ ही हॉरर और रोमांस का भी तड़का लगने वाला है।

ढिंढोरा सीजन 1: भुवन बाम की हिट कॉमेडी सीरीज 'ढिंढोरा' सीजन 1 अक्तूबर के आखिरी वीक में स्ट्रीम होने को तैयार है। बता दें कि यह चर्चित सीरीज साल 2021 में भुवन बाम के यूट्यूब चैनल पर मुफ्त रिलीज हुई थी। अब 28 अक्टूबर से यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

बत्था : सुपरस्टार विजय सेतुपति की फिल्म 'बत्था' भी इस वीक ओटीटी पर आ रही है। नेटफ्लिक्स पर यह 29 अक्टूबर से स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह फिल्म पहली अक्टूबर को थिएटर्स में सजी थी। एक महीने से भी कम वक्त में यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आ रही है। 'बत्था' को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, हिंदी और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

मीठे में क्या है: अगर आपको फैमिली ड्रामा से भरपूर किसी फिल्म का इंतजार है, जिसे आप फेस्टिव सीजन में परिवार के साथ बैठकर देख सकें, तो यह शानदार विकल्प है। 'मीठे में क्या है' इस वीक ओटीटी पर धमाका करेगी। इसमें संयुक्त परिवार और उनके बीच के चैलेंज और सपोर्ट सिस्टम को बखूबी दिखाया गया है। यह फिल्म 30 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। बात करें कास्ट की तो राधिका बंसल निर्देशित फिल्म में ऋत्विक भौमिक, रोहिणी हट्टंगड़ी और आयशा रजा मिश्रा जैसे सितारे हैं।

अवराचन एंड संस

बिजू मेनन की यह मलयालम फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। बिजू मेनन के अलावा इसमें श्रीनाथ भासी, गणपति एस. पोदुवाल और ग्रेस एंटनी भी अहम भूमिकाओं में हैं।

इमोर्टल : यह एक तमिल भाषा की हॉरर-रोमांटिक फिल्म है, जो 04 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, कायादु लोहार और टी.एम. कार्तिक अहम भूमिका में हैं। अब यह ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 30 अक्टूबर से सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी। ओटीटी पर यह तमिल के अलावा हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में भी उपलब्ध होगी।

अक्का: कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे स्टारर गैंगस्टर सीरीज 'अक्का' भी इस वीक को खास बनाएगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इसकी कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा।

खबर संक्षेप

अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, 5 वाहन जब्त

सारंगढ़। जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाने खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को सरसीवां और भटगांव तहसील क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन करते हुए 5 वाहनों पर कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान सरसीवां क्षेत्र में साधारण रेत का अवैध परिवहन करते दो ट्रैक्टर पकड़े गए। वहीं भटगांव क्षेत्र में चूनापत्थर का अवैध परिवहन करते दो हाइवा तथा साधारण रेत का परिवहन करते एक ट्रैक्टर पर कार्रवाई की गई। संबंधित वाहनों को थाना सारसीवां एवं थाना भटगांव की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 एवं खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम1957 की धारा 21 के तहत कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

एडीएम को सारंगढ़ एसडीएम का प्रभार

बरमकेला। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में प्रशासनिक व्यवस्था के तहत महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। डिप्टी कलेक्टर उमेश कुमार साहू को स्थानांतरण के बाद जिले से भारमुक्त कर दिया गया है। वहीं एडीएम दशरथ सिंह राजपूत को एसडीएम सारंगढ़ का संपूर्ण प्रभार सौंपा गया है। कलेक्टर द्वारा 26 अक्टूबर को इस आशय का आदेश जारी किया गया है। शासन द्वारा बीते 29 सितंबर को डिप्टी कलेक्टर उमेश कुमार साहू का स्थानांतरण जिला बलौदाबाजार-भाटापारा किया गया था। जिला प्रशासन सारंगढ़-बिलाईगढ़ ने उन्हें 26 अक्टूबर को पूर्वान्ह में जिले से भारमुक्त करने का आदेश जारी किया।

राजनीतिक दलों की हुई बैठक

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के अंतर्गत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से प्राप्त मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव से अवगत कराने तथा सुझाव के संबंध में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाताओं की सुविधा के लिए 9 नए मतदान केंद्र बनानेए रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 13 केंद्रों के स्थान बदलने और लैलूंगा के 3 केंद्रों के भवन बदलने का प्रस्ताव पर चर्चा की गई। अपर कलेक्टर डॉ. प्रियंका वर्मा ने 1 जनवरी की अर्हता तिथि के आधार पर होने वाले विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्तावों पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए गए। बैठक में बताया गया कि मतदाताओं को मतदान के लिए अधिक दूरी तय नहीं करनी पड़ेए इसके लिए लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में 7 नए मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव है। इनमें प्राथमिक शाला कोन्दाटिकरा, गोढ़ी, केकराझरिया, बरडीह, बांधापाली, पाली और माध्यमिक शाला टांगरघाट शामिल हैं। धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में तराईमार और पंडरीपानी में नए मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव है। नए केंद्र बनने से इन क्षेत्रों के मतदाताओं को सुविधा मिलेगी।

जिंदल फाउंडेशन द्वारा बरकसपाली की महिलाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

सिलाई प्रशिक्षण से महिलाओं को घर में ही मिलेगा रोजगार, आर्थिक रूप से होंगी सक्षम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिंदल फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र के स्व सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। उन्हीं प्रयासों में एक है महिलाओं को सिलाई मशीन चलाने के लिए प्रशिक्षित करना। सिलाई सीखने के बाद महिलाओं को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा वे अपने घरों में ही कपड़ों की सिलाई कर आर्थिक रूप से सक्षम हो सकतीं हैं।

इसी उद्देश्य को लेकर ग्राम पंचायत बरकसपाली में करीब तीस महिलाओं को प्रशिक्षण देने की षुरूआत की गई है। जिंदल फाउंडेशन के एजीएम सीएसआर राजेश रावत ने कहा कि जिंदल कंपनी द्वारा सीएसआर के तहत गांवों के विकास का काम पहले किया जाता हैए इसके अलावा ग्रामीणों के स्वास्थ्य और षिक्षा पर भी फोकस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिलाई सीखकर महिलाएं घर के काम काज के साथ ही सिलाई का काम करके पैसा कमा सकतीं हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की सलाह पर महिलाएं कैसे आगे बढ़ सकें उसके लिए काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किषोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य के लिए भी काम किया जा रहा है। बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार के लिए आईटीआई में प्रशिक्षण भी दिया जाता है। अच्छा सीखने वाले को प्लेसमेंट के लिए भी प्रयास किया जा रहा है। सीएसआर से इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव बरकसपाली में आने वाले समय में विकास कार्य दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी क्षेत्र का विकास करती है, इसलिए समय के साथ चलने पर ही विकास हो सकता है। ग्राम पंचायत बरकसपाली के सरपंच गोविंद नारायण ने कहा कि कंपनी द्वारा विकास कार्यों में हमेशा सहयोग किया जा रहा है, इसलिए पंचायत भी सहयोग करने के लिए तत्पर है। सचिव सचिन बेहरा ने भी सरपंच की बात का समर्थन करते हुए कुछ कार्यों को करने की मांग की तथा गांव में कराए जा रहे कार्यों के लिए जिंदल पॉवर का आभार व्यक्त किया। उपसरपंच सेतकुमार ने कहा कि जिंदल द्वारा किए जा रहे कार्यों का लाभ गांव वालों को मिल रहा है, स्वास्थ्य संगीनियों द्वारा भी गांव की महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर बेहतर काम किया जा रहा है। इस अवसर पर गांव के गौटिया शुक्लांबर चौधरी, बहादुर चैधरी, रंगवती राठिया, रघुनंदन चौहान सहित गांव के समूह की महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन



पीएमश्री सेजेस स्कूल के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

खेल के मैदान में कड़ी मेहनत अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर पीएम श्री सेजेस बरमकेला के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, क्षेत्र और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। सरगुजा में 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में विद्यालय के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सभी वर्गों में पदक हासिल किया है।

स्पर्धा में सकूल के 30 खिलाड़ियों का चयन हुआ था। इन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का परिचय देते हुए बालक वर्ग के तीनों आयु वर्गो में गोल्ड मेडल जीतकर शानदार सफलता हासिल की। वहीं बालिका वर्ग में भी खिलाड़ियों ने सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस प्रतियोगिता की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि विद्यालय के कुल 15 खिलाड़ियों का चयन नेशनल लेवल की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सरगुजा में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में पीएमश्री सेजेस बरमकेला के बालक खिलाड़ियों ने असाधारण प्रदर्शन किया। अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 तीनों वर्गों में खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल हासिल कर विद्यालय की खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। तीनों आयु वर्गों में स्वर्ण पदक प्राप्त करना विद्यालय के लिए विशेष उपलब्धि है। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के दौरान अपनी खेल क्षमता, तकनीकी दक्षता, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। उनकी इस सफलता के पीछे पूरे वर्ष किया गया नियमित अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण महत्वपूर्ण रहा। बालक वर्ग में तीनों गोल्ड मेडल प्राप्त होने से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है।

ऐसे मिला मेडल

स्पर्धा में पीएमश्री सेजेस बरमकेला की बालिका खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। बालिका वर्ग के अंडर-14 में ब्रॉन्ज मेडल, अंडर-17 में सिल्वर मेडल तथा अंडर-19 वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। बालिकाओं ने अपनी मेहनत, खेल कौशल और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का परिचय देते हुए राज्य स्तरीय मंच पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। अंडर.17 वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त करना तथा अंडर9-14 और अंडर-19 वर्गों में ब्रॉन्ज मेडल हासिल करना खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम रहा। बालक और बालिका दोनों वर्गों में पदक प्राप्त होने से विद्यालय की खेल उपलब्धियों को नई ऊंचाई मिली है।

कन्या संकुल ने प्रथम स्थान हासिल किया विकासखंड में

स्कूली शिक्षा विभाग ने किया विज्ञान क्विज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



छात्र-छात्राओं के मध्य विज्ञान विषय के प्रति अभिरूचि पैदा करने एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास जागृत करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं स्कूली शिक्षा विभाग रायगढ़ के मार्गदर्शन मे विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें ब्लॉक के संकुल से चयनित छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभागिता निभाते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया एवं ज्ञानवर्धन युक्त प्रश्नों के उत्तर दिया। बीईओ शशिधर निषाद एवं बीआरसी संतोष निषाद के कुशल कार्ययोजना के तहत प्रभारी शिक्षकों, संकुल समन्वयकों, संकुल प्राचार्य की उपस्थिति मे छात्राओं ने उपस्थित होकर विज्ञान, गणित, समसामयिकी रोचक घटनाओं, साहित्यिक खेल जगत संबन्धित प्रश्नों के जवाब उत्सुकता पूर्वक दिए। उक्त विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता मे संकुल कन्या के छात्र छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित संकुल का नाम रोशन किया। कन्या संकुल के अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक खंड से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या शाला घरघोड़ा से प्रतियोगिता मे अनमोल बेहरा तारिणी साहू खुशबू उरांव आद्या हलवाई एवं माध्यमिक खंड से शिवम बंसे मेघा यादव खुशी पैंकरा ने प्रथम स्थान हासिल करते हुए संकुल कन्या घरघोड़ा का नाम विकासखंड में बढ़ाया द्यसंकुल प्राचार्य हरीश चंद्र बेहरा एवं संकुल समन्वयक अश्वनी दर्शन ने इस अवसर पर सामूहिक रूप से सफलता हासिल करने पर छात्र छात्राओं के साथ शिक्षकों की कड़ी मेहनत पर बधाई देते हुए शिक्षा का वातावरण तैयार करने की बात कही द्य इस अवसर पर संकुल से श्वेता राठिया रीती पंडा आदि प्रभारी उपस्थित रहीं कार्यक्रम पश्चात सफलता प्राप्त छात्र छात्राओं को विकास खंड शिक्षा अधिकारी शशिधर निषाद स्रोत समन्वयक संतोष निषाद प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा संजय बोहीदार मोहन चौहान केपी पटेल एवं विकासखंड के समस्त शैक्षणिक समन्वयक की उपस्थिति मे प्रमाण पत्र एवं प्रतिक चिन्ह से छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

तालाब गहरीकरण कार्यों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

रायगढ़। जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर अधिकाधिक रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वीबी.जी राम जी के अंतर्गत संचालित तालाब गहरीकरण कार्यों का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। साथ ही श्रममूलक कार्यों को बढ़ावा देने और ग्रामीणों के लिए रोजगार के अधिक अवसर सृजित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुसौर विकासखंड की ग्राम पंचायत पचेड़ा में चंदन तालाब गहरीकरण कार्य विकासखंड की ग्राम पंचायत कुर्मापाली में दर्रा तालाब गहरीकरण कार्य तथा ग्राम पंचायत जोरापाली में नया तालाब गहरीकरण कार्य का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्यों को समय.सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया।

ब्लॉक स्तरीय क्विज में तमनार जोन ने बाजी मारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

ब्लॉक स्तरीय क्विज स्पर्धा बीआरसी कार्यालय में कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ मोनिका गुप्ता ने किया। ब्लॉक के 24 संकुलों को 4 जोन में बांटा गया था। यह प्रतियोगिता स्कूल से शुरू होकर ब्लॉक तक पहुंची थी। स्कूल के बच्चे संकुल में भाग लिए थे। संकुल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे जोन स्तरीय में भाग लिए। और जोन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे विकासखंड स्तरीय में आज सम्मिलित हुए।

हायर सेकेंडरी स्तर का क्विज प्रतियोगिता रखा गया जिसमें तमनार जोन प्रथम स्थान पर रहा। द्वितीय स्थान पर धौराभांठा जोन और तृतीय पर सरायपाली एवं कुंजेमुरा जोन रहा। इसी तरह द्वितीय प्रहर में पूर्व माध्यमिक शाला का क्विज प्रतियोगिता रखा गया इसमें भी चारों जोन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए जिसमें तमनार जोन में प्रथम रहा, द्वितीय स्थान पर धौराभांठा और तृतीय स्थान पर रहा कुंजेमुरा और चतुर्थ में रहा सरायपाली जोन।

इस तरह प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे आगामी जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम के अंत में बीईओ द्वारा सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आने वाले जिला स्तरीय स्पर्धा में भी वे इसी तरह अच्छा प्रदर्शन कर तमनार ब्लॉक का नाम अवश्य रोशन करेंगे।

शिक्षकों ने कराया मिडिल स्कूल पुरुंगा के बच्चों को न्योता भोज

छाल। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पुरुंगा में 26 अक्टूबर को न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती नीलिमा तम्बोली, श्रीमती पूजा सिंह एवं श्रीमती पूनम पटेल द्वारा विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में बच्चों को खीर, पूड़ी, छोले और केला वितरित किया गया। स्वादिष्ट भोजन पाकर बच्चों में उत्साह देखने को मिला।



कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटाईपाली सी के व्याख्याता राजीव गुप्ता तथा हाई स्कूल बोजिया के व्याख्याता विजय कुमार चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान विजय कुमार चौधरी ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को परीक्षा की तैयारी, लक्ष्य निर्धारण और निरंतर मेहनत के महत्व से अवगत कराया। वहीं व्याख्याता राजीव गुप्ता ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर नियमित अध्ययन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक गंगाधर सिदार, प्रधान पाठक अयोध्या चंद्रा एवं राजेश कुमार बेहरा सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक अयोध्या चंद्रा ने किया। न्योता भोज कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में सामूहिकता, आपसी सद्भाव और शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का संदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित शिक्षकों ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।

चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार 8 हजार 500 का सामान बरामद



चंद्रपुर। चंद्रपुर थाना क्षेत्र में चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के तीन सिल्वर डेक बर्तन और दो स्टैंड पंखा बरामद किया है। बरामद सामान की अनुमानित कीमत 8 हजार 500 बताई गई है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल दाखिल करा दिया है। 25 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज होने के बाद चंद्रपुर पुलिस ने धारा 331,4 और 305,ए के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था। पुलिस ने संदेहियों की जानकारी जुटाई और जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से चोरी की सामान भी बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में लाला उरांव 24 पिता माखन लाल उरांव और पवन उरांव 27 पिता पनबुड़ी उरांव दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 3 चंद्रपुर के है वहीं तीसरा आरोपी बलराम बंछोर 25 पिता स्व. आर्थो बंछोर, निवासी सुगड़ा, थाना भठली जिला बरगढ़ ओड़िशा का रहने वाला है। उसका वर्तमान निवास चंद्रपुर के मंडीपारा में बताया गया है। पुलिस ने आरोपियों से तीन पुराने इस्तेमाल किए हुए सिल्वर डेक ;बर्तनद्ध बरामद किए हैंए जिनकी अनुमानित कीमत 7 हजार रुपए है। इसके अलावा दो पुराने स्टैंड पंखे भी जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत करीब 1500 रुपए बताई गई है।

जिंदल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने जानी सिनेमा निर्माण, स्टूडियो सेट, साउंड डबिंग की तकनीकी बारीकियां

मुंबई के शैक्षिक भ्रमण खोज और संस्कृति की एक अविस्मरणीय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ओपी जिंदल स्कूल के छात्रों के लिए 20 से 25 अक्टूबर तक आयोजित छह दिवसीय मुंबई शैक्षिक भ्रमण सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। इस यात्रा ने छात्रों को मीडिया कला, वैज्ञानिक अन्वेषण और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक असाधारण व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। इस ज्ञानवर्धक यात्रा की शुरुआत गोरेगांव फिल्म सिटी से हुई, जहाँ छात्रों ने सिनेमाई निर्माण, स्टूडियो सेट और साउंड डबिंग की तकनीकी बारीकियों को प्रत्यक्ष रूप से समझा। इसके पश्चात, नेहरू विज्ञान केंद्र में इंटरैक्टिव प्रदर्शनों, हाई.वोल्टेज प्रयोगों और मनमोहक साइंस ऑन अ स्फीयर शो ने उनकी वैज्ञानिक जिज्ञासा को एक नया आयाम दिया। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से यात्रा



का प्रमुख आकर्षण एलीफेंटा की गुफाओं तक की नौका फेरी यात्रा रही। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शामिल इस प्राचीन स्थल पर छात्रों ने शानदार बेसाल्ट मूर्तियों और रॉक.कट वास्तुकला का अध्ययन किया। शिक्षा और मनोरंजन के बीच संतुलन बनाते हुए, छात्रों ने स्थानीय व्यंजनों का आनंद लिया और जुहू बीच पर एक ताज़गी भरी शाम बिताई। इस संपूर्ण भ्रमण के सफल आयोजन और समन्वय की देखरेख टूर प्रभारी राजेश यादव और महेंद्र कुमार डनसेना द्वारा की गई। पूरी यात्रा के दौरान विद्यालय के शिक्षकों संदीप पाल, सुश्री प्रियांशी जैन, सुश्री विभा सिंह, अंकेश आर्या, लक्ष्मण दुबे और सत्येश महाना ने छात्रों का मार्ग दर्शन किया और उनकी देखरेख की। व्यावहारिक शिक्षा और आपसी भाईचारे की दृष्टि से यह भ्रमण एक अत्यंत सफल और अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ।

विज्ञान, अनुसंधान और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से हुए अवगत

ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ द्वारा 18 से 25 अक्टूबर 2026 तक कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय के 28 छात्रों के लिए बेंगलुरु और मैसूर के एक विशेष शैक्षिक भ्रमण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य आरके त्रिवेदी के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रोत्साहन के अंतर्गत आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को विज्ञान, अनुसंधान और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराना था। यात्रा का प्रमुख आकर्षण यूआरएससी इसरो केंद्र का भ्रमण रहा, जहां छात्रों ने भारतीय उपग्रहों के प्रायोगिक मॉडल देखे और अंतरिक्ष विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश की गौरवशाली उपलब्धियों को करीब से समझा। इसके अतिरिक्त छात्रों ने भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम इंजीनियरिंग विभाग का दौरा किया। यहां शोधार्थियों ने छात्रों के साथ अपने चल रहे शोध कार्यों को साझा किया और उन्हें इलेक्ट्रॉनिक्स के व्यावहारिक उपयोगों से परिचित कराते हुए वैज्ञानिक अनुसंधान को एक बेहतरीन करियर विकल्प के रूप में चुनने के लिए प्रेरित किया। विश्वेश्वरैया औद्योगिक एवं तकनीकी संग्रहालय के भ्रमण ने व्यावहारिक प्रदर्शनों के जरिए छात्रों की वैज्ञानिक समझ को और अधिक सुदृढ़ किया। इस भ्रमण में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों को भी प्रमुखता दी गई। छात्रों ने मैसूर पैलेस, टीपू सुल्तान का समर पैलेसए चामुंडी हिल्स व चामुंडेश्वरी मंदिर, सेंट फिलोमेना चर्च और मैसूर सैंड स्कल्पचर म्यूज़ियम रेत मूर्तिकला संग्रहालय का दौरा कियाए जिससे उन्हें भारत की अद्भुत स्थापत्य कला और ऐतिहासिक विरासत को करीब से जानने का अवसर मिला।

